हैरिटेज निगम की पॉलिथीन एवं गंदगी के विरूद्ध हुई कड़ी कार्रवाई

उपायुक्त स्वास्थ्य के निर्देशन में हुई कार्रवाई

स्वास्थ्य दस्ते ने व्यापारियों से दो दिन में 84 चालान पर 40,400 कैरिंग चार्ज किया वसूल

नगर निगम जयपुर हैरिटेज आयुक्त श्री अभिषेक सुराणा के निर्देश पर एवं उपायुक्त स्वास्थ्य श्री सोहन सिंह नरूका के निर्देशन में स्वास्थ्य शाखा के सीएसआई, एसआई एवं चालान प्रकोष्ठ ने दो दिन में पॉलिथीन के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करते हुये पॉलिथीन रखने वाले एवं गंदगी फैलाने वालों व्यापारियों से 84 चालान पर 40 हजार 400 रूपये कैरिंग चार्ज वसूल किया।

आयुक्त श्री अभिषेक सुराणा ने बताया की हमें पॉलिथीन का उपयोग कम से कम करना चाहिये ताकि हम पर्यावरण को होने वाले इसके नुकसान से बचा सकें। पॉलिथीन का बढता हुआ उपयोग ना केवल वर्तमान के लिये बल्कि भविष्य के लिये भी हानिकारक होता जा रहा हैं। इसलिये इसका उपयोग करने से बचें व कपड़े एवं जूट से बने हुये थैलों का प्रयोग सर्वाधिक मात्रा में करें।